**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 02-10-2025**

- **मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा मूर्ति/प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत मूड़घाट व मनोरमा घाट का भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।**
- **विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।**

आज दिनांक 02.10.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा मूर्ति/प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थाना कोतवाली अन्तर्गत मूड़घाट तथा थाना हरैया अन्तर्गत मनोरमा घाट का भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। भ्रमण/निरीक्षण के दौरान घाट तक पहुंचने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की स्थिति, पुलिस बल की तैनाती, बिजली के खंभों की गार्डिंग, घाटों के समीप गोताखोरों एवं जल पुलिस की ड्यूटी, घाटों की सफाई तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य दल व एंबुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम सकुशल एवं शांति-व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री श्यामाकांत, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येंद्र भूषण तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक हरैया सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**